दिनांक: 22.04.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर से

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत प्रदेश की 13 संसदीय सीटों पर होने वाले चुनाव के वास्ते प्रचार जोरों पर है। विभिन्न राजनीतिक दलों के वरिष्ठ नेता और स्टार प्रचारक जनसभाएं और रोड़ शो कर रहे हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आज किशनगढ़ में कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करने का कार्यक्रम है। इसके बाद वे अजमेर के मेडिकल कॉलेज में सामाजिक संवाद कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। दोपहर बाद वे बूंदी और कोटा में कार्यकर्ता सम्मेलन में भाग लेंगे। उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा कोटा–बूंदी लोकसभा क्षेत्र में विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। डॉ. बैरवा अयाना और खातौली में पार्टी प्रत्याशी ओम बिरला के समर्थन में जनसभा करेंगे। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सिरोही के शिवगंज में पार्टी प्रत्याशी वैभव गहलोत के समर्थन में रोड़ करेंगे। इसके बाद उनका पाली के बाली में कांग्रेस उम्मीदवार संगीता बेनीवाल के समर्थन में जनसभा का कार्यक्रम है। पूर्व मंत्री रघु शर्मा आज अजमेर से कांग्रेस प्रत्याशी रामचंद्र चौधरी के समर्थन में रोड़ शो करेंगे।

....

मतदाता जागरुकता के लिए मनाये जा रहे सतरंगी सप्ताह के तहत आज ऑरेंज रंग की थीम पर ''वोट करुंगी तभी तो बढ़ूंगी'' स्लोगन के साथ महिलाओं द्वारा मतदान का संदेश दिया जा रहा है। इसके तहत सवाईमाधोपुर के रेलवे स्टेशन परिसर में महिलाओं ने रंगोली बनाकर लोगों को मतदान का संदेश दिया। इस अवसर पर महिला मार्च भी निकाला गया। भीलवाड़ा में रैली आयोजित की जा रही है।

स्वीप गतिविधियों के तहत आज डूंगरपुर में जिला निर्वाचन अधिकारी अंकित कुमार सिंह ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को मतदान की शपथ दिलाई। जैसलमेर में जिला निर्वाचन अधिकारी प्रताप सिंह ने व्यापारिक संगठनों और विभिन्न प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर जिले में शत–प्रतिशत मतदान करवाने में सहयोग की अपील की।

....

मुख्य सचिव सुधांश पंत आज बालोतरा जाएंगे। वे पचपदरा में रिफाइनरी का दौरा कर निर्माण कार्यों की समीक्षा करेंगे। इससे पहले श्री पंत जोधपुर पहुंचे। उनका वहां जिले के अधिकारियों के साथ बैठक का कार्यक्रम है।

....

आज विश्व पृथ्वी दिवस है। पृथ्वी और पर्यावरण के संरक्षण के प्रति जागरुकता लाने के लिए ये दिन मनाया जाता है। इस बार का विषय है – प्लैनेट वर्सेज प्लास्टिक यानी पृथ्वी गृह के संरक्षण की दिशा में प्लास्टिक से होने वाले प्रदूषण की समस्या से निपटने और इसके प्रकृति पर पड़ने वाले प्रभाव को दूर करना।

पृथ्वी दिवस पर प्रदेश में कई कार्यक्रम हो रहे हैं। जयपुर में विद्यार्थियों को नाहरगढ़ बायोलोजिकल पार्क में निःशुल्क भ्रमण करवाया जा रहा है। वन विभाग की ओर से विद्यार्थियों की ओर से प्रतियोगिता आयोजित की गयी। अजमेर में आना सागर झील के संरक्षण के लिए रैली निकाली गयी। रैली में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इसके बाद पोस्टर प्रतियोगिता भी रखी गयी। सवाईमाधोपुर में स्कूली विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी फिल्म दिखाकर जागरुक किया गया। करौली में भी विभिन्न सामाजिक संगठनों की ओर से पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

....

हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष में प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर धार्मिक आयोजन हो रहे हैं। डूंगरपुर के खड़गदा गांव में क्षेत्रपाल जी मंदिर में मेला भर रहा है। दो दिन तक चलने वाले इस मेले में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान सहित अन्य कार्यक्रम होंगे। सवाईमाधोपुर के इटावा बालाजी मंदिर में सुबह से ही

श्रद्धालुओं की भीड़ देखी जा रही है। जैसलमेर में पोकरण के बांकना हनुमान मंदिर में 351 किलो गेहूं के आटे का रोट बनाकर भगवान को भोग लगाया जाएगा।
कोटपूतली–बहरोड़ जिले में मंदिरों में दो दिवसीय कार्यक्रम रखे गये हैं। पंचमुखी हनुमान मंदिर में 35 हजार लोगों को लिए प्रसादी तैयार की जाएगी। साथ ही अखंड रामायण पाठ और धार्मिक अनुष्ठान भी होंगे।
वहीं भरतपुर के हनुमान मंदिरों में चल रहे तीन दिवसीय कार्यक्रमों के तहत सुबह से रामायण और सुंदरकांड के पाठ किये जा रहे हैं। आज शाम को हनुमान जी की शोभायात्रा निकाली जाएगी।

....

प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से पिछले 24 घंटों में कई स्थानों पर बादल छाये रहे और कहीं–कहीं हल्की बारिश हुई। भरतपुर में मौसम में आए बदलाव से गर्मी से राहत मिली है। करौली में भी मौसम सुहाना बना हुआ है। चूरू और आस–पडोस के गांव में रात को हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गयी। वहां सुबह से बादल छाये हुए हैं। इस बीच, पिछले 24 घंटों में जयपुर, कोटा, उदयपुर और जोधपुर संभाग में तापमान सामान्य से कम दर्ज किया गया।

....